

# हथियार लैस बदमाशों ने बैंक ऑफ महाराष्ट्र में डाली डकैती

## कोतवाली बैढ़न के समीपी की घटना, 7 करोड़ का सोना एवं 20 से 25 लाख कैश पार, आईजी,डीआईजी पहुंचे घटना स्थल

**नवभारत न्यूज**
**सिंगरौली 17 अप्रैल। जिला मुख्यालय बैढ़न में आज शुक्रवार की दोपहर बैंक ऑफ महाराष्ट्र में हुई डकैती को लेकर जिले की लचर कानून व्यवस्था की पोल खुल गई है। डकैतों ने हथियार लैस दहशतगर्दो ने बैंक के अंदर फायरिंग करते हुये कैशियर को डरा-धमा एवं खातेधारको से मारपीट करते हुये करीब 25 से 30 लाख रूपये कैश एवं छः से सात किलो सोना बाईक से लेकर भाग खड़े हुये। यह वारदात दोपहर 12:35 से 12:50 के बीच हुई है।**




प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दो मोटरसाइकिलों पर सवार होकर आए पांचों लुटेरे बैंक में दाखिल हुए। इनमें से चार के पास पिस्टल और एक के पास कट्टा था। अंदर घुसते ही उन्होंने एक राउंड फायर कर दिया, जिससे बैंक में मौजूद कर्मचारी व ग्राहक सहम गए। इसके बाद सभी को एक जगह बैठाकर बदमाशों ने कैश काउंटर और लॉकर से रकम व सोना भरना शुरू कर दिया।

इस दौरान एक लुटेरे ने खुटार निवासी खाताधारक विनोद अग्रहरि पर कट्टा के बट से हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गया और उनके चेहरे से खून बहने लगा। वहीं बैंक की महिला मैनेजर को भी बदमाशों ने धमकाया। बताया गया कि एक आरोपी ने उनसे कहा कि तुम्हारा घर छत्तीसगढ़ में है, घर के लोगों को गोली मरवा देंगे, जिससे वहां मौजूद सभी लोग और अधिक भयभीत हो गए। लुटेरे दो बैग में नकदी और गोल्ड भरकर मौके से फरार हो गए। फरार होते समय एक आरोपी हेलमेट पहना हुआ था, जिससे उसकी पहचान करना मुश्किल हो रहा है। घटना के बाद पूरे बैढ़न क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया है। शहर में इस तरह की यह पहली बड़ी बैंक डकैती बताई जा रही है।



### डकैतों का सीसीटीव्ही फुटेज जारी, विधायक भी पहुंचे

एसपी ने डकैतों को पकड़ने के लिए चार अलग-अलग टीम गठित किया है, जहां पुलिस टीम बैंक के सीसीटीव्ही फुटेज खंगाल रही है और आरोपियों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। इधर घटना के बाद सिंगरौली विधायक रामनिवास शाह, ननि अध्यक्ष देवेश पांडेय सहित कई नेता भी बैंक पहुंचे। इधर पुलिस शहर से लेकर बॉर्डर एरिया पर सर्चिंग अभियान शुरू कर दिया है। चप्पे-चप्पे पर पुलिस निगरानी रख रही है, लेकिन अभी पुलिस के हाथ खाली हैं। विधायक ने कहा कि पुलिस आरोपियों को पकड़ने के लिए नाकेबंदी कर रही है।

### घटना का जायजा लेने पहुंचे आईजी व डीआईजी

बैढ़न शहर में पहली बार बैंक में हुई डकैती को लेकर कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े किये जा रहे हैं। इसकी जानकारी मिलते ही आईजी-डीआईजी रीवा घटनास्थल पहुंचे, इसके पहले एसपी व एएसपी सहित अन्य पुलिस अधिकारी घटना की जानकारी लेने पहुंचे थे। एसपी ने उक्त घटना की पुष्टि करते हुये इसे बड़ी वारदात बताया है।





# सड़क हादसे में दो युवकों की मौत

## एक युवक घायल,सुलियरी की घटना, सांत्वना देने पहुंचे विधायक

**नवभारत न्यूज**
**सिंगरौली 17 अप्रैल। लंघाडोल थाना क्षेत्र के सुलियरी जंगल चौकी के सामने सड़क के किनारे खड़े एक कोल वाहन से मोटरसाइकिल सवार तीन युवक पीछे से टकरा गये। जिनमें तीन युवको को जिला चिकित्सालय बैढ़न में उपचार के दौरान मौत हो गई। वहीं एक युवक गंभीर रूप से घायल है। जिसका इलाज रीवा मेडिकल कॉलेज में चल रहा है।**

यह घटना गुरूवार-शुक्रवार की रात करीब 1:30 बजे की है। इस घटना की जानकारी मिलते ही देवसर विधायक राजेन्द्र मेश्राम जिला अस्पताल पहुंच मृतक के परिजनों को सांत्वना देते हुये ढांढस बंधाया। जानकारी के अनुसार बीती रात सुलियरी जंगल चौकी के सामने हुई सड़क हादसे में मोटरसाइकिल में सवार होकर आधी रात को घर जा रहे थे कि जिसमें वाहन में सवार राहुल सिंह खैरवार उम्र 26 वर्ष निवासी गोरवानी एवं लाल बहादुर सिंह खैरवार उम्र 18 वर्ष, रामभजन सिंह उम्र 20 वर्ष खड़े कोल वाहन से टकरा गये। जिसमें राहुल एवं लाल बहादुर की मौत हो गई।

### एक नजर में

#### गौड़बहरा सैक्टर का हुआ जुड़ाव प्रशिक्षण



**सिंगरौली।** आज शुक्रवार को ग्राम जल एवं स्वच्छता तदर्थ समितियों एक दिवसीय अभिसरण एवं जुड़ाव प्रशिक्षण कार्यक्रम गत्रई सैक्टर का आयोजन पंचायत भवन गोड़बहरा में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच नीला देवी द्वारा मॉ सरस्वती के समक्ष पुष्प माला एवं दीप प्रज्वलन कर प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत कर उपस्थित लोगों को जल जीवन मिशन के अभिसरण एवं जुड़ाव प्रशिक्षण में जल जीवन मिशन के साथ अन्य योजनाओं का जुड़ाव पर चर्चा और जानकारी उपलब्ध करवाई गई।

#### जनगणना प्रतिभागियों को मिला नियुक्ति आदेश



**सिंगरौली।** जनगणना कार्य के सुचारू संचालन के लिए आयोजित प्रगणक एवं पर्यवेक्षक प्रशिक्षण के प्रथम सत्र का आज शुक्रवार को सफलतापूर्वक समापन हो गया। समापन अवसर पर आयोजित विशेष कार्यक्रम में सभी सफल प्रशिक्षणार्थियों को नियुक्ति आदेश एवं आधिकारिक पहचान पत्र वितरित किए गए। चार्ज अधिकारी एचएम श्रीवास्तव ने अपने संबोधन में आगामी जनगणना कार्य की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए सभी प्रगणकों और पर्यवेक्षकों से पूरी निष्ठा एवं सटीकता के साथ डेटा संग्रह करने का आह्वान किया। जनगणना देश की नीतियों और योजनाओं का आधार होती है।



# पचखोरा मार्ग बंद,सड़क खुदाई से सैकड़ों वाहन फंसे

## ननि क्षेत्र का मामला, वैकल्पिक मार्ग भी नही

**नवभारत न्यूज**
**सिंगरौली 17 अप्रैल। नगर पालिका क्षेत्र के पचखोरा मार्ग पर आज शुक्रवार सुबह से आवागमन पूरी तरह ठप हो गया है। ठेकेदार सुरेश द्वारा सड़क की खुदाई कर दिए जाने के कारण आसपास की आवासीय कॉलोनियों में रहने वाले लोगों के सैकड़ों वाहन घरों के अंदर ही फंस गए हैं। अचानक की गई, इस कार्रवाई से लोग अपने घरों से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं और दैनिक गतिविधियां प्रभावित हो गई हैं।**

स्थानीय रहवासियों ने इस पूरे मामले को लेकर भारी नाराजगी जताई है। उनका कहना है कि यदि ठेकेदार या संबंधित स्टाफ द्वारा पहले सूचना दे दी जाती, तो वे अपने वाहनों को अन्य सुरक्षित स्थानों पर खड़ा कर सकते थे। बिना किसी पूर्व सूचना के इस तरह सड़क खोद देना लोगों के लिए बड़ी परेशानी का कारण बन गया है। रहवासियों ने यह भी आरोप लगाया है कि सड़क खुदाई के दौरान वैकल्पिक मार्ग की कोई व्यवस्था नहीं की गई है, जिससे स्थिति और अधिक गंभीर हो गई है। स्कूल जाने वाले बच्चों, नौकरीपेशा लोगों और आवश्यक कार्यों से निकलने वाले नागरिकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने नगर पालिका प्रशासन से मांग की है कि इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप कर ठेकेदार की मनमानी पर रोक लगाई जाए और जल्द से जल्द आवागमन बहाल किया जाए, ताकि आमजन को राहत मिल सके।

# ढोंगा पुल के नीचे गिरा बेकाबू बोलेरो वाहन, 10 मुसाफिर घायल

## तिलकोत्सव कार्यक्रम में शामिल होकर अपने घर लौट रही थी महिलाएं व बच्चियां, शराब के नशे में धुत्त था वाहन चाकल

**नवभारत न्यूज**
**देवसर 17 अप्रैल। जियावान थाना क्षेत्र के ढोगा पुलिया के नीचे आज शुक्रवार की सुबह करीब 9 बजे एक बेकाबू बोलेरो वाहन गिर गई।**



उक्त वाहन में करीब 12 लोग सवार थे, जिसमें एक बालक-बालिको को छोड़ कर अधिकांश महिलाएं सवार थे। जहां 10 लोगों को चोटें आई हैं, 5 की हालत नाजुक बताई जा रही है। घायलों को जिला चिकित्सालय बैढ़न एवं सीधी के लिए रवाना किया गया है। कुछ घायलों को मामूली चोटे आने पर प्राथमिक उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देवसर में चल रहा है। जानकारी के अनुसार पोखरा गांव के करीब एक दर्जन लोग अपने रिश्तेदार कुर्सा तिलकोत्सव कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। बीते गुरुवार की रात तिलकोत्सव कार्यक्रम में शामिल होकर आज शुक्रवार की सुबह घर के लिए सभी लोग निकले हुए थे, तभी एक बोलेरो वाहन एमपी 66 जेडए 3267 खाली आ रही थी, लोग उसमें सवार हो गए और करीब 1 किलोमीटर दूर बोलेरो वाहन चालक बेकाबू हो गया और पुलिया के नीचे वाहन गिर गया, बोलेरो में करीब एक दर्जन सवार थे, जिसमें ज्योती साहू उम्र 15 वर्ष, सकुंतला साहू उम्र 27 वर्ष, श्यामा साहू उम्र 35 वर्ष, ऋषभ साहू उम्र 5 वर्ष, पुष्पा साहू उम्र 35 वर्ष, प्रेमकली साहू उम्र 35 वर्ष, संगीता साहू उम्र 32 वर्ष के साथ अन्य कुल करीब 10 लोगों को छोटे आई हैं, पांच लोगों की हालत गंभीर बताई जा रहे हैं, जिसमें अधिकांश महिलाएं शामिल हैं। घायलों का उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देवसर में चल रहा है। वाहन में सवार लोगों ने बताया कि चालक नशे की हालत में था।

# मास्टरिंग ट्रांसफॉर्मेटिव लीडरशिप का सफलतापूर्वक हुआ समापन

**नवभारत न्यूज**
**शक्तिनगर 17 अप्रैल। ऑन्टोलॉजिकल लीडरशिप फाउंडेशन द्वारा आयोजित दो दिवसीय प्रमुख कार्यक्रम मास्टरिंग ट्रांसफॉर्मेटिव लीडरशिप का सफलतापूर्वक समापन एनटीपीसी सिंगरौली में हुआ।**



यह कार्यशाला मध्य एवं वरिष्ठ नेतृत्व के लिए विशेष रूप से आयोजित की गई, जिसमें संगठनात्मक परिवर्तन, नैतिक नेतृत्व एवं विजन-आधारित संस्कृति निर्माण पर गहन विचार-विमर्श हुआ। कार्यक्रम के शुभारंभ में संदीप नायक परियोजना प्रमुख एवं कार्यकारी निदेशक ने अपने संदेश में कहा कि एनटीपीसी जैसे बड़े एवं गतिशील परियोजना में परिवर्तनकारी नेतृत्व की आवश्यकता अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने इस प्रकार की कार्यशालाओं को समय की मांग बताते हुए कहा कि इससे न केवल नेतृत्व क्षमता का विकास होता है, बल्कि संगठन को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करने में भी महत्वपूर्ण योगदान मिलता है। कार्यक्रम में आयोजित इंटरैक्टिव सत्रों, सिमुलेशन, केस स्टडी एवं समूह प्रस्तुतियों ने प्रतिभागियों को व्यावहारिक अनुभव प्रदान किया।




# एबीआईसी रेनुसागर की टीम बनी विजेता

**नवभारत न्यूज**
**अनपरा 17 अप्रैल।** हिंडालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड रेनुपावर डिवीजन के यूनिट हेड आरपी सिंह के निर्देशन में हिंडालको रेनुसागर के तत्वाधान में आयोजित आदित्य बिड़ला इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट का शानदार समापन हुआ। फाइनल मुकाबले में आदित्य बिड़ला इंटरमीडिएट कॉलेज रेनुसागर की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए आदित्य बिड़ला पब्लिक स्कूल रेनुसागर के टीम को 60 रनों से हराकर विजेता ट्रॉफी पर कब्जा जमाया।

# ननि आयुक्त ने स्व-गणना को लेकर नगरवासियों को किया प्रेरित

## 30 अप्रैल तक नगर कर सकेगे स्व-गणना, शहर और देश के विकास को नई गति देने पर बल

**नवभारत न्यूज**
**सिंगरौली 17 अप्रैल। नगर निगम आयुक्त ने स्व-गणना अभियान को लेकर शहरवासियों से बड़ी अपील करते हुए कहा है कि 16 अप्रैल से 30 अप्रैल तक चलने वाले इस अभियान में प्रत्येक नागरिक अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें और मोबाइल ऐप के माध्यम से घर बैठे अपनी जानकारी दर्ज करें।**



ननि आयुक्त सविता प्रधान ने स्वयं भी स्व-गणना कर नगरीय क्षेत्र में इस अभियान की शुरुआत की। आयुक्त ने बताया कि स्व-गणना की प्रक्रिया बेहद आसान है और इसे मात्र एक मिनट में पूरा किया जा सकता है। नागरिकों को अपने घर से जुड़ी आवश्यक जानकारी जैसे मकान की स्थिति, पेयजल की उपलब्धता, उपयोग किए जाने वाले अनाज तथा घर में उपलब्ध वाहनों की जानकारी साझा करनी होगी, जिससे आंकड़े अधिक सटीक और विश्वसनीय बनेंगे। उन्होंने युवाओं एवं बच्चों से विशेष रूप से इस अभियान में जुड़ने की अपील करते हुए कहा कि उनकी भागीदारी से शहर और देश के विकास को नई गति मिलेगी। आयुक्त ने नागरिकों से निर्धारित समयावधि में स्व-गणना पूर्ण करने का आग्रह किया तथा अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे आमजन को जागरूक करते हुए आवश्यक सहयोग सुनिश्चित करें। इस अवसर सहायक आयुक्त ज्योति सिंह, जनगणना संचालनालय भोपाल से सिंगरौली के जनगणना अधिकारी हुसैन अली मौजूद रहे।

# विंध्याचल को जिला 22वीं एथलेटिक्स मीट को मिला प्रोत्साहन

**नवभारत न्यूज**
**विंध्यनगर 17 अप्रैल। जिले में आयोजित 22वीं जिला एथलेटिक्स मीट में खेल प्रतिभा का उत्साहपूर्ण प्रदर्शन देखने को मिला।**




जिला एथलेटिक एसोसिएशन सिंगरौली द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में जिले के 22 स्कूलों के कुल 390 खिलाड़ियों ने भाग लिया। एनटीपीसी विंध्याचल ने अपने सीएसआर के तहत इस आयोजन को प्रायोजित कर खेल और युवा विकास को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया। प्रतियोगिता में 85 ट्रैक एवं फील्ड स्पर्धाएं आयोजित की गईं, जिनमें दौड़, कूद और थ्रो इवेंट शामिल रहे। ये प्रतियोगिताएं चार आयु वर्गों अंडर 14, अंडर 16, अंडर 18 और अंडर 20 में संपन्न हुईं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में संजीब कुमार साहा परियोजना प्रमुख मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन उभरती प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का सशक्त मंच प्रदान करते हैं। यह वार्षिक एथलेटिक्स मीट खिलाड़ियों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर साबित हो रही हैं।

# डी-पॉल स्कूल का कक्षा दसवीं का शत प्रतिशत रहा परीक्षा परिणाम

**नवभारत न्यूज**
**विंध्यनगर 17 अप्रैल। सीबीएसई द्वारा घोषित कक्षा दसवीं के परीक्षा परिणामों में डी-पॉल स्कूल विंध्यनगर ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शत-प्रतिशत सफलता हासिल की है।**



इस वर्ष विद्यालय के कुल 137 विद्यार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया, जिसमें से 46 छात्रों ने 90 प्रतिशत से ऊपर अंक अर्जित कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। 35 छात्र 80 प्रतिशत से ऊपर अंक प्राप्त करने वाले रहे, वहीं 34 छात्रों ने 70 प्रतिशत के ऊपर अंक प्राप्त किए और 22 छात्र 60 प्रतिशत अथवा उससे अधिक प्राप्तांक प्राप्त करने वाले रहे। विद्यालय की होनहार और प्रतिभावान छात्रा पुष्पांजलि झा ने 98.4 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रथम स्थान अर्जित किया। हेतांशी सुभाष जादे ने 97.6 प्रतिशत तथा अनुराग तिवारी ने 96.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। छात्रों की इस उपलब्धि ने न केवल उनके माता-पिता का नाम रोशन किया, बल्कि पूरे विद्यालय परिवार को गौरवान्ति किया है। विद्यालय के प्राचार्य फादर जोबी जोसेफ ने छात्रों की कड़ी मेहनत, अनुशासन और लगन की सराहना करते हुए उन्हें उज्जवल भविष्य की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं। प्राचार्य ने आशा व्यक्त की है कि सभी विद्यार्थी भविष्य में भी इसी प्रकार सफलता के नए आयाम स्थापित करेंगे तथा अभिभावकों के सहयोग और अध्यापकों की कड़ी मेहनत की भी सराहना की।

# आप के पूर्व जिलाध्यक्ष राजेश सोनी बने प्रदेश सचिव

**नवभारत न्यूज**
**सिंगरौली 17 अप्रैल। आम आदमी पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष राजेश सोनी को आप के केंद्रीय नेतृत्व ने बड़ी जिम्मेदारी सौंपते हुए प्रदेश सचिव का दायित्व सौंपी है।**



राजेश सोनी के सिंगरौली जिलाध्यक्ष के कार्यकाल में नगर निगम महापौर एवं पार्षदों ने जीत हासिल की थी, साथ ही राजेश सोनी के नेतृत्व में ही आप ने बरगवां नगर परिषद में नगर परिषद उपाध्यक्ष एवं पार्षदों की जीत हासिल की थी, पिछले 2 वर्षों से पूर्व जिलाध्यक्ष एवं नवागत प्रदेश सचिव राजेश सोनी ने बिना किसी पद पर रहे ही आप के बैनर तले सिंगरौली की गंभीर समस्याओं जैसे बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, सड़क दुर्घटना को रोकने एवं बड़े कोल वाहनों के लिए अलग सड़क बनाने के मुद्दे को उठाते हुए कोल वाहनों एवं राखड़ वाहनों को अलग सड़क की मांग को लेकर उच्च न्यायालय का रुख किये थे, ऐसी लड़ाई लड़ते रहते हैं, जिसको देखते हुए आम आदमी पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व दिल्ली के पूर्व कानून मंत्री एवं म.प्र. के प्रभारी जितेंद्र सिंह तोमर, राजेश सोनी को पार्टी में बड़ी जिम्मेदारी देते हुए प्रदेश सचिव की जिम्मेदारी सौंपी है।

# दुद्धिचुआ आंगनबाड़ी केंद्र में नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम आयोजित

## महिलाओं को कानूनी अधिकारों और पोषण संबंधी जानकारी दी गई

**नवभारत न्यूज**
**सिंगरौली 17 अप्रैल। जिले के दुद्धिचुआ आंगनबाड़ी केंद्र में आज शुक्रवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के संयुक्त तत्वाधान में पोषण पखवाड़ा एवं नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।**



कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण एवं कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। इस अवसर पर सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मनोरम तिवारी, अमित शर्मा, पार्षद अखिलेश सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी जितेंद्र गुप्ता, परियोजना अधिकारी शैलेंद्र साकेत, मीनाक्षी शुक्ला, अंशिका खरे एवं सरस्वती सिंह सहित जयंत क्षेत्र की समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को विभिन्न अधिनियमों एवं कानूनी प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी गई, जिससे वे अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हो सकें। कार्यक्रम में पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत पोषण प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया।